तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024



12 भंवरपुर में जय-जय श्रीराम के नारों के साथ...





12 तेंदूकोना में दशानन के 25 फीट ऊंचे पुतले..






## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भरत डडसेना ने 6 अक्टूबर के कार्यक्रम के दौरान बाधा डालने के लिए थाना बसना में आवेदन दिया था, जिस पर 8 अक्टूबर को आरोपी विजय पटेल प्रार्थी के दुकान में आकर उसके वृद्ध पिताजी को धमकाते हुए कहने लगा कि तेरे लड़के को समझा दे उसने मेरे खिलाफ थाना में रिपोर्ट किया है, अगर आवेदन को वापस नहीं लेगा तो तुम्हारे खानदान को जान से मरवा देंगे। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी के दो मामले

**महासमुंद।** जिले के सांकरा और खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक चोरी के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में हेमसागर दास ने सांकरा थाना में बताया कि 12 अक्टूबर की शाम 6 बजे दुर्गा पूजा करने अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीबी 0896 से श्याम नगर दुर्गा पूजा करने गया था। पूजा कर वापस आकर देखा तो गाड़ी नहीं थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह खल्लारी पुलिस को महासमुंद निवासी पूनम साहू ने बताया कि 9 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल होंडा सीडी 110 क्रमांक सीजी 06 जीपी 8655 से खल्लारी माता मंदिर दर्शन के लिए गया था। अपने मोटर सायकल को खल्लारी हाई स्कूल के सामने नारियल दुकान के बगल में खड़ी कर दर्शन हेतु गया था। रात्रि करीबन 11.30 बजे वापस आकर देखा तो मोटर सायकल उक्त स्थान पर नहीं थी मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**थाना में रिपोर्ट लिखने में की गई आनाकानी, अब पीड़िता को धमका रहे आरोपी के परिजन**

# एसपी से गुहार के बाद कोतवाली में दर्ज की गई अनाचार पीड़िता की एफआईआर, अब तक गिरफ्तारी इसलिए नहीं क्योकि आरोपी पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अनाचार पीड़ित महिला कोतवाली थाना पहुंचती है और उसके आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने की बजाय उसे इधर-उधर की बातें और परामर्श केंद्र की ओर टालते हुए अपराध दर्ज नही किया। ऐसा इसलिए क्योकि आरोपी भी एक पुलिस कर्मी ही है। मामले में जब पीड़िता ने एसपी से शिकायत की तब एसपी के निर्देश पर एफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन, 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रेम नेताम (आरक्षक) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत 26 सितंबर को अपराध दर्ज किया।

पीड़िता ने कोतवाली पुलिस के की गई शिकायत में बताया है कि वह ग्राम तरपोंगी थाना खल्लारी निवासी एवं कक्षा 12 वीं तक की पढ़ी लिखी और घरेलू कामकाजी है। उसकी मुलाकात करीब 06 माह पूर्व जिला पुलिस बल महासमुंद के आरक्षक प्रेम नेताम से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई, प्रेम ने




मोबाईल नंबर मांगा और दोस्ती के चलते दोनों में बातचीत होती रही। पीड़िता अपने भाई, बहन और भतीजे-भतीजी के साथ 2018 से रह रही है। 17 मार्च को 10 बजे प्रेम नेताम का फोन आया और उसने मिलने की पेशकश की। आरोपी रायपुर पहुंचा और पीड़िता को राजिम ले जाकर शादी का प्रलोभन देते हुए शारीरिक संबंध बनाया। पश्चात लगातार शादी का प्रलोभन देकर अलग-अलग स्थान पर संबंध बनाए। 16 सितंबर को रात्रि 10:30 बजे झालखम्हरिया के जंगल में संबंध बनाया। बाद में प्रेम नेताम से शादी करने की बात कहने पर शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसे कुछ दिन बात पता चला कि प्रेम शादीशुदा है और उसके बच्चे भी है। शादीशुदा होते हुए भी आरोपी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

### जल्द होगी गिरफ्तारीः दुबे

गिरफ्तारी के मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने कहा है कि आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तारी करने टीम लगातार मेहनत कर रही है। सीडीआर खंगाले जा रहे हैं, फरार हुए आरोपी को जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गिरफ्तारी को लेकर हीला हवाला कर रही पुलिस

आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पीड़िता ने कहा है कि पुलिस जानबूझकर पुलिसकर्मी होने के चलते आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही। पीड़िता का कहना है कि आम इंसान को मोबाईल नंबर या उनके रिश्तेदारों से अपने तरीके से पूछताछ कर पुलिस आरोपी तक पहुंच सकती है। लेकिन, पुलिस कर्मी होने के कारण गिरफ्तारी में हीला हवाला किया जा रहा है।

### अनाचार जैसे संगीन मामले में भी आरोपी को संरक्षण दे रहे अफसर

आरोपी की ड्यूटी फिलहाल पुलिस लाईन में है। लेकिन, अफसरों को संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ अपराध दर्ज होने के बावजूद निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में तत्काल कार्रवाई करने में भी अफसर अपने विभागीय कर्मचारी को अप्रत्यक्ष रुप से अनाचार जैसे संगीन मामले में संरक्षण देने में जुटे हैं।

### उच्चाधिकारियों के निर्देश पर होगी आगे की कार्रवाईः कश्यप

निलंबन की कार्रवाई को लेकर रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ किसी मामले में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिली है। अपराध दर्ज होने के एक दिन पहले से वो ड्यूटी पर अनुपस्थित है इसलिए अब तक वह अनुपस्थित माना जा रहा है। निलंबन के संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मौसम:** दिन-रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री अधिक, उमस बरकरार

# दो दिन बाद हो जाएगी मानसून की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानसून की विदाई दो दिन बाद यानी 17 अक्टूबर तक हो जाएगी। बाद मौसम में रूखापन आने से रात में ठंडकता महसूस होगी। इस साल एक जून के बाद से 14 अक्टूबर तक जिले में कुल 974.9 मिमी बारिश हुई, जो कुल औसत बारिश का 98 प्रतिशत है। अभी दिन, रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री ज्यादा होने से उमस बनी हुई है।

बता दें कि प्रदेश में अब मानसून की विदाई होने वाली है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम बदलने के साथ ही रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे जाएगा, तो मौसम में ठंडकता आएगी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार आने वाले तीसरे और चौथे सप्ताह में पारा 17-18 डिग्री तक पहुंचता है, जिससे उमस की समस्या खत्म होती है। अभी रात का तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी



ज्यादा है। मालूम हो कि मानसून अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब यानी 17 जून को जिले में पहुंचा था। जून में वर्षा सामान्य रही, मगर जुलाई में अच्छी बारिश से औसत कोटा पूरा हो गया था। अगस्त-सितंबर में मानसून की सक्रियता सामान्य रही और 30 सितंबर को सीजन समाप्त होने तक यहां 969.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। बाद खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई और जिले में आंकड़ा 5.3 मिमी पर ही सिमटकर रह गया। विशेषज्ञों कहना है कि दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में गिरावट आएगी, जिससे उमसभरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। लेकिन अभी लोगों को मानसून के अंतिम दौर में उमसभरी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। दिन में लोगों को धूप चुभेगी वहीं शाम होते ही हल्की ठंड का एहसास होने लगेगा। दिन और शाम के तापमान में भारी उतार-चढ़ाव से मौसम में आर्द्रता बढ़ रही है। जिससे उमस के हालात बन रहे हैं। अभी जिले में दिन और रात की गर्मी सामान्य से ढाई डिग्री तक अधिक है। जिससे दोनों समय उमसभरी गर्मी से लोग परेशान हैं।

### दिवाली के बाद शुरू होगी गुलाबी ठंड

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा बताते हैं कि मानसून की वापसी की रेखा दरभंगा, हजारीबाग, पेंड्रारोड, खरगौन, नंदुरबार, नवसारी से होकर गुजर रही है। 14 अक्टूबर को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान करीब 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।सर्दी का मौसम दिवाली के बाद शुरू होने जा रही है। यानी अक्टूबर महीने तक मौसम शुष्क सा रहेगा। इस बीच हल्की बारिश हो सकती है। उसके बाद नवंबर से सर्दी का मौसम शुरू हो जाएगा। शुरूआत में गुलाबी ठंड का एहसास लोगों को होने लगेगा। इस सर्दी सीजन में ठंड भी अच्छी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जनवरी में ठंड ज्यादा रह सकती है।



### एसडीएम ने किया स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूकोना का औचक निरीक्षण सोमवार को एसडीएम बाग़बाहरा उमेश कुमार साहू ने किया। उन्होंने आमजन से सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। साथ ही मूलभूत सुविधाओं सहित दवाइयों की भी जानकारी व संधारित पंजीयों का अवलोकन किया गया। उपस्थिति पंजी में अवकाश आवेदन पर सीएल दर्ज करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण दौरान उन्होंने केंद्र में बेहतर साफ-सफाई, प्रतिदिन बेडशीट को बदलना और वेस्ट मटेरियल को नियमानुसार प्रबंधन करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर रानू देवता, रूरल मेडिकल असिस्टेंट प्रीति अग्रवाल, जितेंद्र टांडेकर, स्टाफ नर्स किरण साहू, गायत्री साहू, आरएचओ रेखा दीवान, एमएलटी नरेश भोई उपस्थित रहे।

### रिकवरी का काम करने वाले के साथ मारपीट

**महासमुंद।** रिकवरी का काम करने वाले युवक से दो लोगों ने मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 28 मौहारीभांठा निवासी हिरेंद्र सोनी श्रीराम फायनेंस में रिकवरी का काम करता है। 12 अक्टूबर की शाम करीबन 5 बजे रिकवरी हेतु सितलीनाला के पास गया, जहां वार्ड नंबर 13 महासमुंद निवासी राम अवतार ध्रुव उर्फ बल्ला और नयापारा महासमुंद निवासी बलराम तांडी आए और प्रार्थी को मेंरे से वसूली कर लेगा कहते हुए शराब लाने के लिए कहा, जब प्रार्थी ने मना कर दिया तब दोनों गाली गलौज करते हुए धक्का-मुक्की कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# स्कूल में शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई की चिंता को लेकर धरने पर बैठे पालकगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकासखंड के लिमउगुड़ा में पालकों ने शिक्षक की कमी को लेकर स्कूल में तालाबंदी कर दिया। पालकों का कहना हैं कि लगातर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास शिक्षक की कमी को लेकर तीन लिखित आवेदन दिया गया। लेकिन, शिक्षक की व्यस्था नहीं की गयी। जिसके कारण पालकों ने ताले बंदी कर धरने पर बैठ गए। पालकगण व ग्रामीण कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित मांग पत्र दे चुके। लेकिन, सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके



आक्रोश का कारण शिक्षा विभाग की लापरवाही है, जहां शिक्षक के ना होने से उनके बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है।

### तेज रफ्तार से बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** तेज रफ्तार से बाइक चलाने से मना करने पर चार लोगों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोबा का है। पुलिस को प्रार्थी दुर्गेश धुरी निवासी ग्राम जोबा ने बताया कि 12 अक्टूबर की शाम करीबन 5.30 बजे गांव में दुर्गा विसर्जन कर रहे थे कि उसी समय गांव के राजा सतनामी, प्रवीण सतनामी, हरदयाल सतनामी, लेखराम सतनामी अपनी मोटर सायकल को तेज चला रहे थे, जिससे गांव के लोगों द्वारा मना किया गया। दुर्गा विसर्जन करने के बाद प्रार्थी और उसका साथी गोपी धुरी घर के सामने खड़े थे उसी समय आरोपी एक राय होकर लाठी डंडा, लोहे का नकल पंच लेकर आए और तुम लोग दुर्गा विसर्जन करते समय लडाई झगड़ा किए हो कहकर गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद।** जसगीत गाने जा रहे दो लोग बाइक की टक्कर से घायल हो गए। मामले में बसना पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को पुनीत राम निषाद पिता शौकीलाल निषाद निवासी पैता ने बताया कि 11 अक्टूबर की रात 7.30 बजे मेंरे पिताजी शौकीलाल निषाद अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीए3922 से गांव के निरधर सिदार के साथ बैठकर भंवरपुर जसगीत गाने के लिए जा रहे थे। रूपापाली तालाब के आगे में विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीयू6749 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर शौकीलाल निषाद के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उनके दाहिना पैर, दाहिना हाथ एवं एडी में तथा पीछे में बैठे निरधर सिदार के दाहिने पैर एवं दाहिने पैर के अंगुली में चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है

# जिले के कोडार जलाशय में शुरू हुआ सीजी नेवल एनसीसी का पाल नौकायान शिविर





**महासमुंद।** ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान युद्ध सेवा मैडल गुप कमांडर ग्रुप मुख्यालय रायपुर की अगुवाई मे लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरूध कमान अधिकारी 1 सीजी नेवल युनिट एनसीसी रायपुर के द्वारा पाल नौकायन अभ्यास सैलिंग एक्सपीडिसन शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सांसद कोडार जलाशय पहुंची। श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने शिविर में आये एनसीसी कैडेटों का उत्साह वर्धन किया एवं पाल नौकायान सैलिंग एक्सपीडिसन शिविर को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने भी नौकायन का लुत्फ उठाया। बता दें कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश से आए हुए कुल 60 एनसीसी एसडी एवं एसडब्लू कैडेटों ने लगभग 30 किलो मीटर पाल नौकायन से दूरी तय की।

**शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने दिए निर्देश**

# शिविर में स्टापडेम और सड़क निर्माण के लिए भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के ग्राम अमलोर में सोमवार को प्रशासन की चौपाल लगी। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 36 आवेदन मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में कलेक्टर विनय लंगेह सहित जनप्रतिनिधिगण और प्रशानिक अधिकारी शिविर में मौजूद रहे। यहां पहुंचे ग्रामीणों के बीच जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। आरटीओ से संबंधित 64 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया की गई। अन्य आवेदन मांग तथा शिकायत संबंधी होने की वजह से आवेदन पर परीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्या के तत्काल निराकरण के लिए महासमुंद ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमलोर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों की स्थानीय स्तर की समस्याओं का निराकरण जनपद



पंचायत व तहसील स्तर पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है।

कलेक्टर ने कहा कि हम सब यहां शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आये हैं। इसमें जनता का सहयोग भी अपेक्षित है। उन्होंने शिविर में मखमला नाला के पास स्टाप डेम निर्माण और दशपुर-अमलोर सड़क निर्माण के लिए आवश्यक जांच कर तथा वन विभाग से समन्वय बनाकर निर्माण के लिए भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली स्टॉल का अवलोकन किया और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के स्टॉल में अवलोकन के दौरान कहा कि नामांकन, सीमांकन एवं बटवारा तथा अन्य राजस्व संबंधी प्रकरणों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र समय पर बनाकर देने के निर्देशित किया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि सिरपुर जैसे दूरस्थ अंचल में शिविर का आयोजन करना प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक है। शिविर को जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव और सरपंच रूपा जयप्रकाश यादव ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर लंगेह ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में कलेक्टर विनय लंगेह ने अतिथियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। शिविर में हितग्राहियों को 03 आयुष्मान कार्ड, एक ऋण पुस्तिका, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 11 हितग्राहियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी एवं आवास स्वीकृति पत्र और तीन महिला समूहों को तीन-तीन लाख रुपए का सामूहिक ऋण प्रदान किया। राजस्व विभाग द्वारा कमार जनजाति के कामता प्रसाद को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही उनके दो बच्चे नरसिंह और लक्की का भी जाति प्रमाण पत्र बनाया गया।

### छोटे भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** छोटे भाई द्वारा अपने बड़े भाई के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। तेंदूकोना थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस को डायमंड साहू पिता यशवंत साहू ने बताया कि पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने से देखने के लिए 12 अक्टूबर को मेरे ससुर मनाराम साहू ग्राम भुरकोनी आए और बातचीत कर रहा था। उसी समय छोटा भाई टुकेश्वर साहू आया और गाली गलौज करने लगा, जब गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


हरिभूमि

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## चकल्लस

### रावण का मुंह किधर ...

दशहरे पर रावण के कद और उसके मुंह की दिशा पर इस बार शहर में किसी ने कमेंट नहीं किया। नेताजी को अपोजिशन वालों ने इसलिए



रिस्पांस नहीं दिया कि उनकी पार्टी की सरकार नहीं रही। सो नेताजी भन्नाए हुए कहते फिर रहे, अब तो त्योहार भी हाईजैक हो गया है। रावण का मुंह किस दिशा में होना चाहिए, ये तक पता नहीं। आर्गेनाइजिंग कमेटी बनाने का चलन रहा, उसे भी खत्म कर दिया। जब कमेटी ही नही बनी तो प्रोग्राम कैसे होगा? हमेशा नाराज रहने वाले नेताजी ने कहा, अगली बार प्रोग्राम में एंट्री मिल जाए, वही बहुत, नहीं तो बाहर से कर देंगे टाटा-बॉय बॉय।

### समस्या की जड़


देश और दुनिया में जितनी भी बड़ी समस्याएं, उलझनें और फसाद हैं उसकी सबसे बड़ी वजह है सियासत यानी राजनीति। राजनीति का ऊसूल है कि पहले समस्या क्रिएट करो, फिर उसे दूर करने का प्रयास



करो और फिर क्रेडिट लेकर महान बन जाओ। अब रायपुर की साइंस कालेज की चौपाटी को ही लीजिए। एक नेता ने जबर्दस्ती बनवाया, करोड़ों खर्च हुए। दूसरे नेता ने विरोध किया। जिसने चौपाटी बनवाई तब उसकी सरकार थी, बन गई। अब जिसने विरोध किया अब उसकी सरकार है, सो हटाने पर आमादा हैं। बाकी पब्लिक का कहना है इतनी भी बुरी नहीं है चौपाटी। साफ सुधरी है। सड़क पर जाम भी नहीं है। और तो और...मरीन ड्राइव की तुलना में क्राइम भी नहीं के बराबर है। लेकिन सियासत का क्या करें...।

### अंतर्राज्यीय आरोपी

छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार के कार्यकाल में छोटे-बड़े मलाईदार पदों और कमाई वाली कुर्सियों पर काबिज रहने वाले कई अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे और फसंते ही चले गए। हालत ये है कि



कई अधिकारियों को जेल गए साल-दर साल बीत रहे हैं। कई अफसरों के खिलाफ इतने मामले हो गए हैं कि एक-एक में जमानत कराने में पसीना छूट रहा है। इतना सब होने के साथ और जो कुछ हुआ है, वह भी कम नहीं है। कई अफसर ऐसे हैं, जिनके खिलाफ केवल छत्तीसगढ़ में ही मामले-मुकदमे नहीं चल रहे, बल्कि कई राज्यों में भी केस दर्ज हुए हैं। राज्य के ऐसे कई अफसर अंतर्राज्यीय आरोपी बन गए हैं।

### नहीं जाएंगे कॉलेज छोड़कर

चिकित्सा शिक्षा विभाग की तबादला सूची में नाम शामिल होने की वजह से कुछ सीनियर डॉक्टर काफी नाराज हैं। सालों से एक ही जगह काम करने से जमा-जमाया कारोबार प्रभावित होने की आशंका



के चलते वे कॉलेज छोड़कर नहीं जाने का मूड बना चुके हैं। इनमें रायपुर मेडिकल कॉलेज से जुड़े कई चिकित्सकों के नाम शामिल हैं। पिछले दिनों एक सीनियर डॉक्टर ने विभागीय बैठक लेकर तबादला रुकवाने रणनीति भी तैयार की है। उनके द्वारा मातहतों पर दबाव डाला जा रहा है कि ट्रांसफर कैंसिल करने उनके समर्थन हस्ताक्षर वाला पत्र विभागीय स्तर पर प्रेषित किया जाए।

### बिना विदेश गए एनआरआई


फिर हेराफेरी फिल्म का एक डायलॉग है-भाई पैसा हो तो क्या कुछ नहीं हो सकता। वैसा ही कुछ एमबीबीएस की काउंसलिंग में हो गया है। अब देखिए, सामान्य छात्र अगर नीट में 450 स्कोर भी किया है तो



उसे कहीं एडमिशन नहीं मिलेगा। मतलब पेमेंट सीट पर भी नहीं। लेकिन अगर जेब में माल है तो...। तो फिर दूर के रिश्तेदार का सर्टिफिकेट लगाकर एनआरआई बन जाओ और फिर 137 पर भी एडमिशन पक्का। सर्टिफिकेट भी कैसा...खबरी बता रहा था कि कुछ ऐसे भी हैं जो विदेश कभी गए ही नहीं और एनआरआई बन गए हैं। क्योंकि उनके सरनेम वाला कोई दूरररर का रिश्तेदार विदेश में रहता है। बस एक-डेढ़ लाख रिश्वत देकर सर्टिफिकेट बन जाता है। अगर जांच हो जाए तो आधे भूमिगत हो जाएंगे।

### एनआरआई की विदेशी मुद्रा

खबरी बता रहा था कि एनआरआई कोटा है वह इसलिए बनाया गया था ताकि विदेशी मुद्रा देश में आए। संभव है जब भारत विदेशी मुद्रा भंडार की कमी से जूझ रहा हो तब यह महान आइडिया किसी के



दिमाग में आया हो। उनके लिए अलग आरक्षण कर दिया। लेकिन अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकार्ड ऊंचाई पर है। अब क्या जरूरत? दूसरी बात...एनआरआई के नाम पर आधे लोग विदेश से पैसा भेजते ही नहीं। यहीं की ब्लेक मनी यही ट्रांसफर कराके काम चलाया जाता है। इसलिए प्राइवेट कालेज में जिस सीट के लिए सामान्य छात्र चालीस लाख के आसपास खर्च करता है उसी सीट के लिए एनआरआई से एक करोड़ तक लिए जाते हैं, इसकी वजह से भ्रष्ट तंत्र इसे खत्म नहीं होने देता।

### हो गई तेरे बल्ले-बल्ले

हाय... दिन फिरना किसे कहते हैं, ये कोई रविवि के बड़े साहब से पूछ ले। साहब को इन दिनों भिलाई के विवि का भी प्रभार दे दिया गया है। जिस चीज के लिए विश्वविद्यालय बना है, उस विद्या से साहब का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी साहब खुश हैं। जो हालात वहां बन रहे हैं, नए कुलपति की नियुक्ति की संभावना कुछ माह तक नहीं है। इतना वक्त तो पर्याप्त होता है मलाई-मक्खन जमाने के लिए। अब नए कुलपति जल्द नियुक्त ना किए जाने की वजह मत पूछिएगा, क्योंकि हर चीज बताने वाली थोड़ी ही होती है।

### जाइए... आप कहां जाएंगे?

जिंदगी बड़ी जटिल है। कहां जाएं, कहां ना जाएं...समझ ही नहीं आता है। आपकी समस्या का तो समाधान हो भी जाए, लेकिन यूथ कांग्रेस



और एनएसयूआई सदस्यों की समस्याएं हल होने का नाम ही नहीं लेती है। क्या है कि कुछ दिनों बाद नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए दोनों ही संगठनों के छुटभैय्ये नेता टिकट के लिए जुगाड़ में लग गए हैं। कोई इधर जा रहा है तो कोई उधर। कई तो ऐसे भी हैं, जो इधर के हैं या उधर के, ये ही समझ नहीं आ रहा है। वैसे सुनने में आया है कि कांग्रेस के छात्र सगंठन में बदलाव की प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए ठंडे बस्ते में डाल दी गई है, वजह भी ये नगरीय निकाय चुनाव ही हैं।

जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव में आरक्षण और परिसीमन का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। चुनाव के लिए परिसीमन और आरक्षण के मामले की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि कई निकायों में परिसीमन पर कोर्ट के स्थगन के चलते जानकारी निर्वाचन को नहीं मिली है। निर्वाचन आयोग ने समय पर जानकारी भेजने के निर्देश विभागीय सचिव को दिए हैं। उन्होंने पंचायत विभाग को भी इस संबंध में जल्द जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। बताया जाता है कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया विभाग द्वारा पूरी करने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है, ऐसे में अब चुनाव दिसंबर-जनवरी में ही होने की संभावना है। पिछले समय निकाय चुनावों को लेकर आरक्षण और परिसीमन को लेकर पूरी जानकारी अक्टूबर तक पूरी कर ली गई थी। अधिकांश निकायों में नवंबर में चुनाव पूरे हो गए थे। ऐसे में कहा जा रहा है कि जब तक पिछड़ा वर्ग का सर्वे और अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची तैयार करने में जुटा है। इधर राजनांदगांव, कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा, तखतपुर में न्यायालय के स्थगन के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त है। ऐसे में निर्वाचन आयोग यहां पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं कर पाएगा। वहीं यहां पर परिसीमन के बाद ही वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होगी। ऐसे में निकाय चुनाव दिसंबर-जनवरी तक ही होने की संभावना है।

## दिसंबर-जनवरी माह में कार्यक्रम जारी होने की संभावना

### निर्वाचन के दौरान खर्च का आकलन

*नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अन्य तैयारियों और खर्च पर भी निर्वाचन का फोकस है। चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के किराए की दर, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों का मानदेय, आम एवं उपचुनाव के लिए निर्वाचन संचालन के लिए नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए जाने वाले मानदेय की दरों पर भी विचार किया गया। साथ ही वाहन किराए के लिए वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई।*





कई निकायों में कोर्ट से परिसीमन पर स्थगन, नहीं आई जानकारी

### समन्वय से काम करने के निर्देश

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा, सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। सही मतदाता सूची सबसे ज्यादा आवश्यक है। परिसीमन और आरक्षण की कार्रवाई समयसीमा में पूरी की जाए। चुनाव के लिए ये दोनों ही प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण होती हैं। चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।

## 5 से 10 रुपए बढ़ाए दाम, दस रुपए और बढ़ाने की तैयारी

# सीमेंट कंपनियां बेलगाम, सरकार की बात नहीं मानी, फिर बढ़ा दिए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां अब भी बेलगाम हैं। प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश थे कि सरकार की मंजूरी के बिना कीमत में इजाफा नहीं करना है, इसके बावजूद कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी चल रही है। वैसे कंपनियां अब भी उसी 50 रुपए की बढ़ी कीमत पर बिलिंग कर रही हैं, जो कीमत सितंबर में बढ़ाई गई थी, लेकिन चौतरफा दबाव में 45 रुपए दाम कम कर दिए गए थे। स्कीम देकर कंपनियां डीलरों को कम कीमत पर माल दे रही हैं, लेकिन अब स्कीम बंद करके दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है। कीमत में वापस 50 रुपए तक का इजाफा करने की तैयारी है। नान ट्रेड सीमेंट की कीमत तो 30 रुपए ही कम की गई है। अब भी इसके दाम 20 रुपए ज्यादा है। इसे कम न करने का फैसला कंपनियां कर चुकी हैं।

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर किसी भी तरह का अंकुश प्रदेश सरकार का नहीं है। यही वजह है कि कंपनियां जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी। कंपनियों ने सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी जहां खुले बाजार के सीमेंट के दाम 45 रुपए ही कम किए, वहीं नान ट्रेड में कीमत 30 रुपए ही कम की।



### बढ़ा दिए दाम

मानसून की बारिश थमने के बाद अब नवरात्रि से लगातार निर्माण कार्य होने लगे हैं। ऐसे में सीमेंट की डिमांड अपने राज्य के साथ ही बाहर के राज्यों से आने लगी है तो सीमेंट कंपनियों ने वापस दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ कर दिया है। ज्यादातर कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। इसी के साथ अगले सप्ताह दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी है। दाम बढ़ाने से पहले किसी भी तरह से सरकार से मंजूरी नहीं ली गई है।

### बिलिंग में खेल

सीमेंट का कारोबार करने वालों के मुताबिक, बिलिंग में तो खेल हो रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद कंपनियों ने दाम कम करने की बात जरूर की, लेकिन बिलिंग आज भी पहले के बढ़े हुए दाम पर ही हो रही है। ज्यादातर कंपनियां 300 से 320 रुपए की बिलिंग कर रही हैं। जबकि कीमत कम होने के बाद दाम 250 से 285 रुपए हो गए हैं, लेकिन कंपनियां डीलरों को स्कीम देकर दाम कम कर दे रही हैं। अब स्कीम में कटौती करके दाम बढ़ाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। जानकारों का कहना है, आने वाले समय में कंपनियां वापस 50 रुपए तक दाम बढ़ा देंगी।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ छत्तीसगढ़ में करप्शन करने वाला बचेगा नहीं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी को आतंकवाद की पार्टी कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह है। आज सबको मालूम है कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी थी, जो एक समय एकछत्र राज करती थी। उन्हीं के प्रधानमंत्री और उन्हीं के मुख्यमंत्री सभी प्रदेशों में होते थे। आजादी के 75 वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने राज किया, लेकिन उनकी गलत नीतियों, शोषण, भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता का ये लोग विश्वास खो चुके हैं। ये पार्टी आज सिकुड़ती जा रही है और यह लोग कुछ भी बोल रहे हैं। इसका कोई अर्थ निकालने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। आप लोग देख रहे हैं कि यहां पर जो भी पिछले समय में घोटाले हुए, चाहे वह कोयला घोटाला हो, शराब घोटाला हो, डीएमएफ घोटाला हो या बालू घोटाला। आज उस पर कार्रवाई हो रही है। कई लोग जेल में हैं, जमानत पर हैं, जबकि कई लोग जेल जाने की तैयारी में हैं। हम लोगों का सौभाग्य है कि हमारी सरकार आज महादेव सट्टा एप का जो मुख्य किरदार, जो विदेश में बैठा हुआ था, उसे भी प्रत्यर्पण आदेश कराकर गिरफ्तार कर भारत लाने की तैयारी में है। अब छत्तीसगढ़ में कोई भी करप्शन या भ्रष्टाचार करने वाला बचने वाला नहीं है।

# बाबा सिद्दीकी ने छग में किया था कांग्रेस का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र के दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का छत्तीसगढ़ रायपुर से भी सियासी नाता रहा है। विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 में उन्हें रायपुर की अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। रायपुर कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद बाबा सिद्दीकी रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वे चुनाव के दौरान सितंबर और नवंबर में रायपुर आए थे। इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी की थी। छत्तीसगढ़ मुंबई में महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनको गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बाबा बॉलीवुड कलाकार सलमान खान के करीबी दोस्त रहे हैं। बताया गया कि बाबा सिद्दीकी को चुनाव के दौरान रायपुर में अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। वे यहां रहकर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, राजेंद्र तिवारी और संजय पाठक के साथ शहर के कई इलाके में गए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए प्रोत्साहित किया।



गुरुदर्शन और संत समागम मेले में शामिल होने भंडारपुरी पहुंचे मुख्यमंत्री

# गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी का नए स्वरूप में होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेले में शामिल हुए। उन्होंने सतनामी समाज गुरुगद्दी आसन के दर्शन और पूजा कर प्रदेशवासियों की खुशहाली तथा सामाजिक समरसता की कामना की। उन्होंने सतनामी समाज के गुरुओं को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणास्त्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी धाम को सजाने-संवारने के लिए कई कार्यों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष आयोजित भंडारपुरी मेले के लिए हर साल 20 लाख रुपए और मेला स्थल के विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भंडारपुरी में मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए दस लाख रुपए और अटल समरसता भवन के प्रथम तल के लिए 20 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, भंडारपुरी के लोगों की सुविधा के लिए आंतरिक मार्गों और सड़कों को बनाने का काम, रायपुर जिले के संडी-सेजा-भंडार मार्ग के निर्माण को आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेले में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और अनुज शर्मा सहित सतनामी समाज के अनेक धर्मगुरु तथा अनुयायी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### पूरा समाज एकजुट होकर आगे बढ़े : गुरु बालदास

*विधायक खुशवंत साहेब ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का सांय-सांय विकास हो रहा है। उन्होंने भण्डारपुरी धाम मेला के इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा, राजा बालकदास के सम्मान में यहां मेला आयोजित होता है। यहां धर्म मंच से सतनाम के आदर्श और ज्ञान को बताया जाता है। गुरु बालदास ने कहा, आज के दिन ही गुरु बालकदास ने राजा की पदवी धारण की और भंडारपुरी को अपनी कर्मभूमि के रूप में स्थापित किया था। सतनामी समाज के सभी संघ-समिति-संस्था एक सूत्र में बंधें, पूरा समाज एकजुट हो और आगे बढ़े।*

### बाबा घासीदास के बताए मार्ग पर चल रही सरकार

*मुख्यमंत्री ने रविवार को भंडारपुरी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे सनातन धर्म में गुरु का बड़ा महत्व है। छत्तीसगढ़ की सरकार बाबा गुरु घासीदास के बताए 'मनखे मनखे एक समान' के मार्ग पर चल रही है। हम सभी धर्मों, जातियों और समाजों के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय पर चलकर देश का विकास कर रहे हैं।*

### दोगुनी रफ्तार से विकास : टंकराम

*राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भंडारपुरी धाम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गुरु घासीदास बाबा के छठवें वंशज आज हमारे साथ यहां मौजूद हैं, यह हमारा सौभाग्य है। हम गुरु घासीदास के बताए रास्ते पर चलें और राज्य के विकास में सहभागी बनें। हमारे मुख्यमंत्री ने केवल सौ दिनों में ही मोदीजी की अधिकांश गारंटियां पूरी कर दी हैं। डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से राज्य का विकास कर रही है।*

## सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर

# भाजपा का सदस्यता अभियान अब 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सामान्य सदस्य बनाने का अभियान दो दिन बाद 15 अक्टूबर को समाप्त होना है, लेकिन अब तक भाजपा 60 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर है। ऐसे में अब प्रदेश संगठन ने फैसला किया है कि सदस्यता अभियान को सक्रिय सदस्यता वाले अभियान के साथ-साथ 31 अक्टूबर तक चलाया जाए और लक्ष्य तक पहुंचा जाए। इस समय ऑफलाइन सदस्य बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। जिनके पास मोबाइल नहीं है, उनको फार्म भरकर सदस्य बनाया जा रहा है। ऑफलाइन दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से सदस्यता अभियान के लिए तीन चरण तय किए हैं। पहला चरण 2 से 25 सितंबर और दूसरा 1 से 15 अक्टूबर और तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता के लिए 16 से 31 अक्टूबर है। प्रदेश संगठन ने जहां पहला चरण यहां पर 2 अक्टूबर तक चलाया, वहीं अब दूसरे चरण की तारीख को भी बढ़ा दिया है। इसे बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि लाख कोशिशों के बाद भी अब तक भाजपा के 60 लाख सामान्य सदस्य नहीं बन सके हैं। पहले यह लक्ष्य 50 लाख रखा गया था, लेकिन जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आए और उन्होंने यहां पर सदस्य बनाने की रफ्तार देखी तो लक्ष्य को दस लाख बढ़ा दिया। लक्ष्य बढ़ने के कारण इस समय भाजपा लक्ष्य से 22 लाख दूर है। अब तक 38 लाख सदस्य बने हैं। 15 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है।

### बढ़ाई है तारीख

अभी 60 लाख सदस्य न बन पाने के कारण अब सामान्य सदस्य बनाने के लिए भी 31 अक्टूबर तक की तिथि तय की गई है। सक्रिय सदस्यता का अभियान भी 16 से 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा, लेकिन सामान्य सदस्य बनाने का काम भी होगा।

**- नवीन मार्कंडेय,** सदस्य, सदस्यता अभियान समिति

### ऑफलाइन सदस्य भी बना रहे

*एक तरफ भाजपा का जहां मोबाइल से मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है, वहीं अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का काम भी किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य सिर्फ उनको बनाया जा रहा है, जिनके पास कोई मोबाइल नहीं है। ऐसे लोगों से ऑफलाइन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इसके बाद इनको सभी जिलों में ऑनलाइन भाजपा के पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस समय तक 10 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर 31 अक्टूबर तक 60 लाख का आंकड़ा पार करने की योजना पर काम हो रहा है।*

# प्रदेशभर में 20 से कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करेंगे पायलट और बैज

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और उपचुनाव से पहले कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को चार्ज करने जा रही है। 20 अक्टूबर से कांग्रेस का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू होगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब कार्यकर्ताओं की निराशा दूर करने के लिए प्रदेशभर में सम्मेलन किए जाएंगे, ताकि आने वाले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रीचार्ज किया जा सके। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत और एक्टिव करना चाह रही है। दो चुनावों में मिली निराशा के बाद कार्यकर्ताओं में पार्टी फिर से जोश भरना चाहती है।

### जीतने वाले प्रत्याशी को ही देंगे टिकट

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है, लेकिन टिकट किसी एक को दिया जाएगा और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा महोत्सव कल

**महासमुंद।** छतीसगढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा 16 अक्टूबर बुधवार को ब्रम्ह निवास समाज भवन में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज के कवि रूपेश तिवारी बागबाहरा, राजेश्वर खरे बंधु, अशोक शर्मा, सुरेंद्र अग्निहोत्री महासमुंद एवं अन्य स्थानीय रचनाकारों द्वारा काव्य पाठ रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। पश्चात मध्य रात्रि में अमृतपान प्रसादी का वितरण किया जाएगा। छग ब्राह्मण समाज महासमुंद अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### गांजा तस्करी कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 80 हजार रुपए का 4 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 13 अक्टूबर को फारेस्ट नाका सिरपुर के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक काले रंग का मोटरसायकल क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 4613 को रोका गया। इस पर बाइक में सवार दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा। भागने का कारण पूछने पर आरोपियों ने अपने पास रखे काला रंग के बैग में गांजा रखना बताया और उक्त गांजा को बलांगीर (ओडिशा) से मुंगेली (छग) ले जाना बताया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम महेश कुमार यादव पिता धनीराम यादव (21 साल) बरेला थाना जरहागांव जिला मुंगेली, कोमल सोनकर पिता ठनकराम सोनकर (21 साल) ठाकुरीकांपा थाना जरहागांव जिला मुंगेली का निवासी होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 4 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पिकनिक मनाने गए डॉक्टर के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पिकनिक मनाकर लौट रहे रायपुर के एक डॉक्टर के साथ कुछ लोगों ने सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर के पास मारपीट की। रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सुंदरनगर रायपुर निवासी डॉ अंशुल शुक्ला ने बताया 13 अक्टूबर को अपने परिवार एवं अस्पताल के कर्मचारी साहिल मुनेश्वर, मोहित देवांगन के साथ धसकुड़ झरना सिरपुर पिकनिक मनाने गए थे। पिकनिक मनाकर वहां से रायपुर जाने के लिए निकले। शाम करीबन 6 बजे लक्ष्मण मंदिर के पास पहुंचे थे। जहां पर पहले से बाइक और कार का एक्सीडेंट हुआ था और वहां भीड़ लगी हुई थी। डाक्टर होने के नाते अपनी कार को रोककर मदद हेतु गया था, उसी समय स्कार्पियो वाहन कार क्रमांक 24 बीएच 1027 एल एवं एक अन्य कार आई। वाहन में बैठे लोग हार्न बजाने लगे, जिस पर मैने अपनी कार को किनारे करके उनको जाने के लिए रास्ता दिया। वाहन में बैठे लोग जो शराब के नशे में थे गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का, लात एवं हाथ में रखे किसी वस्तु से सिर के पीछे दाहिने तरफ मारकर चोट पहुंचाया। डॉक्टर ने बताया कि मारपीट करने वालों में एक व्यक्ति जिनको पहचानता हूं जिसका नाम जगमीत सिंग राणा है और वह एमजी रोड रायपुर में पेटिज वाला के नाम से ठेला लगाता है। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला ने खाया जहर अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत किरगोली निवासी अगेसिया नेताम का जहर सेवन से ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 13 अक्टूबर को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**पर्व विशेष : धूमधाम से मनाया गया कोमाखान का राजशाही दशहरा**

# असत्य पर सत्य की जीत के स्वरूप में मनाया जाता है दशहरा: द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- बस स्टैंड दुर्गोत्सव समिति की सांस्कृतिक संध्या में विधायक द्वारिकाधीश यादव ने की शिरकत

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम कोमाखान का राजशाही दशहरा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राज परिवार ने सुअरमाल गढ़ सहित क्षेत्र में स्थित देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। वहीं कोमाखान में विराजमान दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का बड़ा हुजूम भी देखा गया।

बस स्टैंड दुगोत्सव समिति द्वारा दशहरे के पावन अवसर पर आयोजित गंगा साहू कृतलोक बाजार सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, कछारडीह सरपंच एवन साहू, कोमाखान सरपंच वीणा आशीष वाकड़े, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मंगल प्रसाद केशरवानी, संतोष जैन, एडवोकेट वीरेंद्र शुक्ला विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड चौक पर विराजमान मां दुर्गा की पूजा अर्चना से हुई। जिसमें विधायक यादव सहित उपस्थित अतिथियों ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की। तत्पश्चात अतिथिगण कार्यक्रम मंच में पहुंचे, जहां आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा अतिथियों का फूल माला के साथ भव्य स्वागत हुआ।

अतिथि स्वागत के पश्चात उदबोधन प्रारंभ हुआ। जिसमें पर्यटन मेंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, एवन साहू ने क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए दशहरा मनाया जाने की परंपरा पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। वहीं मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि दशहरा का पर्व मां शक्ति की पूजा अर्चना के नौ दिन के पश्चात असत्य पर सत्य की विजय के स्वरूप में मनाया जाता है। भगवान राम ने राम रावण युद्ध के दौरान नौ दिनों तक लगातार लंका विजय के लिए माता दुर्गा की पूजा अर्चना की।

तत्पश्चात रावण के साथ उनका युद्ध प्रारंभ हुआ। जिसका पालन आज हम आज भी करते आ रहे हैं और 9 दिन शक्ति पूजा के पश्चात दसवे दिन दशहरा का पर्व मनाया जाता है। बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति के इस आयोजन में ज्वालाजी सेल्स एवं केशरवानी हार्डवेयर के संचालक अबीर अग्रवाल तथा राजू केशरवानी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मंच का संचालन पत्रकार भास्कर राव द्वारा किया गया।




**दशहरा उत्सव समिति के मंच पर पहुंचे द्वारिकाधीश**

तत्पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव कोमाखान दशहरा उत्सव समिति के मंच पर पहुंचे। जहां से उन्होंने पुनः क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी तथा दूसरी बार पुनः विधायक बनकर सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी रवि केसरवानी, सुनील जैन, वाजिद खान, राजू जैन, कैलाश जैन, बबला केसरवानी, रुपेश साहू, प्रदीप यादव, संतोष चंद्राकर, सतीश बाजपेयी, बंटी यादव, सनी केसरवानी, नरेंद्र जैन, डमरू बैगा, सुब्रत जैन, हरिश यादव, भूपेंद्र चेतन आदि मौजूद रहे।

## 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 13 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम भीमखोज के मृतक प्रकाश नेताम, ग्राम मरार कसहीबाहरा के मृतक नारायण खड़िया, विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम भंवरपुर की मृतका विशमोती निषाद, ग्राम आदर्श नगर बसना की मृतका अंजली यादव तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम जलपुर की मृतका सारधाबाई बरिहा, ग्राम पतेरापाली की मृतका नर्मदा इजारदार उर्फ नर्मदा जायसवाल, ग्राम छिंदपाली के मृतक कपिलास साहू एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम धरमपुर के मृतक जनकराम के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुमगांव की मृतका सावित्री पटेल, बसना विकासखंड के ग्राम सरकंडा की मृतका रूशिला गहिर, ग्राम रूपापाली के मृतक गजानंद बरिहा एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामजुड़ा की मृतका कविता साहू तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड के ग्राम माधोपाली की मृतका आसमती उर्फ टीना उर्फ जशमोती के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### निकटतम वारिसान के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इनमें सरायपाली विकासखंड के ग्राम केसराटाल निवासी अशोक साहू की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी गीता साहू के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### खट्टी में शरद पूर्णिमा आज



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम खट्टी में 15 अक्टूबर मंगलवार को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए नव किरण हर बच्चन श्रीवास कृत छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा भंडारपुर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम होगा।

## प्रतिमा विसर्जन यात्रा में भक्तों ने लिया बाना सांग

**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। मां शारदा सेवा समिति टावरपारा के भक्तों ने प्रतिमा का विसर्जन के दौरान लोगों ने बाना धारण किया था। यह शहर में एकमात्र दुर्गा उत्सव समिति है, जहां के नवयुवक चेहरे, हाथ, शरीर के कई अंगों में नुकीले लोहे के कील को शरीर में गूंथे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भक्तों ने आसपास के तालाबों व बांधों में माता का विसर्जन किया। वहीं के दुर्गा प्रतिमाओं को स्थानीय बस्ती सरायपाली तालाब में विसर्जित किया गया। सुबह से लेकर शाम तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। बाजे-गाजे के साथ मदमस्त होकर भक्तगण नाच गाना करते हुए पंडाल से तालाब तक माता को विदाई दिए। वहीं महिलाएं भी जंवारा लेकर पंक्तिबद्ध होकर विसर्जन जुलूस के सामने चलती रही।



नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न स्थानों पर माता की प्रतिमा विराजित किए गए थे। नवमीं के दिन हवन-पूजन करने के पश्चात कई स्थानों पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें अनेक भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही दुर्गा विसर्जन के लिए ट्रैक्टरों को सजाया गया था। 9 दिनों तक माता के दरबार में जंवारा लगाने वाली महिलाओं ने भोजली गीत के साथ जंवारा का भी विसर्जन किया। विसर्जन के लिए विभिन्न दुर्गा समितियों द्वारा बैंड, कर्मा पार्टी आदि बुलाया गया था। उनकी अगुवाई में भक्त गण थिरकते एवं शहर भ्रमण करते हुए बस्ती सरायपाली व अन्य तालाबों में पहुंचे, जहां माता की आरती के पश्चात उन्हें अंतिम विदाई देते हुए विसर्जन किया गया।

## धान खरीदी केंद्रों में पटवारियों की ड्यूटी न लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में कलेक्टर महासमुंद से मिलकर धान खरीदी केंद्रों में पटवारीयों की नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी नहीं लगाने मांग कलेक्टर से की है।

राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष सोनी ने इस संबन्ध में कलेक्टर विनय कुमार को ज्ञापन सौंपा। बताया कि धान खरीदी केंद्रो में पटवारियों की नोडल अधिकारी के तौर पर ड्यूटी लगा दी जाती है, जबकि पटवारियो के पास कार्य की अधिकता है। पटवारियों द्वारा प्रत्येक कृषक, आम जन, विद्यार्थी के प्रमाण पत्र, भूमि तथा राजस्व संबधित अन्य कार्य संपादित किये जाते हैं। केंद्र व राज्य के भू राजस्व से जुड़े कार्य पटवारियो के पास है। ऐसे में अतिरिक्त कार्य आने से मूल कार्य प्रभावित होता है। इसलिए धान खरीदी नोडल अधिकारी की ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की है। इस दौरान पटवारी महासमुंद तहसील अध्यक्ष चंद्रभान साहू, बागबाहरा तहसील अध्यक्ष नीरज वर्मा, मनीष अग्रवाल, शशांक चंद्राकर, अरविंद चंद्राकर, चंदन सिंह गौर, पंकज यदु, राजू सिन्हा शामिल थे।

## दंपत्ति के साथ तीन लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दशहरा के दिन दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सेवा गीत बजाना बंद किया तो तीन लोगों ने दंपत्ति से मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम बकमा की हीराबाई नायक ने बताया कि 12 अक्टूबर विजयादशमी के दिन गांव में माता दुर्गा का प्रतिमा विसर्जन करने गांव के महिला सेवा मंडली के साथ सेवा गीत गाते बजाते जा रहे थे। प्रतिमा और मंडली के आगे आगे गांव के पुरूषोत्तम पटेल, रवि ठाकुर, टुकेश पटेल व अन्य लोग नाच रहे थे। शीतला माता मंदिर तालाब के पास पहुंचने पर हम लोगों द्वारा सेवा गीत गाना बजाना बंद कर दिया गया, तब पुरूषोत्तम पटेल, रवि ठाकुर, टुकेश पटेल दोबारा बाजा बजाने के लिए बोल कर हो हल्ला कर रहे थे। जिसे देख दोष कुमार नायक, मेंरे पति श्याम लाल नायक उन्हें समझा रहे थे। तब वे तीनों गुस्से में आकर दोष कुमार नायक और मेंरे पति को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिसे देख बीच बचाव करने गई तो आरोपी मुझे गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, साथ ही जाते-जाते वे महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी भी देने लगे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## वेतन वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आवाह्न पर जिला संचालक दिनेश नायक एवम नारायण चौधरी के साझा नेतृत्व तथा प्रांतीय पदाधिकारी सुधीर प्रधान, शोभा सिंह देव, पूर्णानंद मिश्रा, केशव राम साहू, सादराम अजय, लालजी साहू, नंद कुमार साहू, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक के विशिष्ट उपस्थिति में चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीयः चरण में अपने मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे तथा सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद नंद किशोर सिन्हा को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रमुख मांगों में शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर/क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर, पुरानी पेंशन निर्धारित करने एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जाए, सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति का जनरल ऑर्डर करने के साथ लंबित मंहगाई भत्ता, देय तिथि से एरियर्स देने की है। आंदोलन के तृतीय चरण में 24 अक्टूबर को जिला के समस्त शिक्षक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल कर अपने मांगों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे। आज के कार्यक्रम में खिलावन वर्मा, खोशील गेंद्रे, तुलेंद्र सागर, जगदीश सिन्हा, मोहन साहू, पुष्पलता भार्गव, कौशल साहू, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, पवन साहू, वारिस कुमार, केवल साहू, आशीष देवांगन, दीपक साहू, खोमन चंद्राकर, रविशंकर बंछोर सहित भारी संख्या में मोर्चा के सदस्य सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंद कुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना, जिला महासमुंद**

//ईश्तहार//

क्रमांक/173/01/क/भू व्यय./अ.वि.अ./2024 बसना, दिनांक 23 सितंबर 2024

आवेदिका श्रीमती जयश्री पटेल पति दीनबन्धु निवासी ग्राम भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 164/1, 164/2 रकबा क्रमशः 0.05हे. 0.09हे, कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.14हे. भूमि को भू-राजस्य संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय मे दिनांक 09/10/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी(रा) बसना

## बुराई पर अच्छाई की जीत है दशहरा पर्व : तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम लाफिनखुर्द में रावण दहन कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि दशहरे के दिन ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की स्थापना की थी। इसलिए इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में भी मनाया जाता है। वहीं इस दिन को विजयादशमी के रूप में भी मनाया जाता है। क्योंकि, इसी तिथि पर मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया था। इस दिन लोग रावण का पुतला बनाकर उसका दहन करते हैं और रावण दहन के साथ-साथ अपने अंदर की बुराइयों के दहन का भी संकल्प लेते हैं। साथ ही रावण दहन इस बात का भी संकेत है कि कोई बुराई कितनी भी बलशाली क्यों न हो, लेकिन उसकी हार निश्चित है। रावण को दशानन कहे जाने के पीछे एक नहीं, बल्कि कई मान्यताएं मौजूद हैं। ऐसा भी कहा जाता है रावण के 10 सिर शाब्दिक रूप से सत्य नहीं थे, बल्कि यह उसकी विभिन्न मानसिक और शारीरिक शक्तियों का प्रतीक माने जाते हैं।







## खबर संक्षेप



### मेंटल हेल्थ कैंप में 35 मरीज मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ. सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां 35 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। शिविर में डॉ नारायण साहू बीएमओ, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम, जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि का सहयोग रहा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 को

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष 19 अक्टूबर शनिवार को पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में एक साथ आयोजित होगी। यह परीक्षा कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक सभी 9 स्तरों में कक्षा अनुसार अलग-अलग आयोजित होगा। परीक्षा 11:30 से 1 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट सभी विकासखंड में विद्यालयों के लिए वितरण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों से निवेदन है कि अपने अपने क्षेत्र / संस्था के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट प्राप्त कर लें एवं संस्था को दिए गए परीक्षा कोड का उत्तर पुस्तिका में उल्लेख करते हुए परीक्षा संपन्न करेंगे। वर्ष महासमुंद जिले में 11000 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। परीक्षा में प्रत्येक स्तर में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आकर्षक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी आशीष साहू एवं भारत साहू ने दी है।



### अपराजिता वी क्लब की हुई बैठक

**महासमुंद।** जयसवाल भवन में अपराजिता वी क्लब महासमुंद द्वारा एरिया विजिट का मीटिंग रखा गया। जिसमें सबसे पहले ध्वज वंदन कर राष्ट्रगान किया गया। इस बैठक में विगत तीन माह से क्लब द्वारा किए गए गतिविधियों की जानकारीयां दी गई तथा आगामी की जाने वाली कार्यक्रम की चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपराजिता वी क्लब के सभी सदस्यों द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय रतन टाटा को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वी ऐश्वर्या तिवारी, वी निरंजना चंद्राकर, वी राज ठाकुर, अध्यक्ष वी ममता जैसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर तथा वी मीना चंद्राकर सहित क्लब के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन : भंवरपुर में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व

# भंवरपुर में जय-जय श्रीराम के नारों के साथ हुआ रावण पुतला का दहन

हरिभूमि न्यूज >>| भंवरपुर

- दुर्गा पंडाल में हवन पूजन के बाद भी नौ कन्या भोज भी हुआ



भंवरपुर सार्वजनिक दुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन में काफी भीड़ उमड़ी। रावण जलाने बाजार पड़ाव में दर्शकों का अत्यधिक भीड़ जुट गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सुबह से हवन पूजन किया गया। साथ ही नौकन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी महाभंडारा का आयोजन शिशु मंदिर प्रांगण में रखा गया था, जहां हजारों की संख्या में भक्तगण आकर प्रसाद ग्रहण किए। शाम के समय श्रीराम-लक्ष्मण सीता एवं हनुमान सहित रावण वध के लिए झांकी निकाली गई। झांकी नगर के प्रमुख मार्गों होते हुए दुर्गा मंदिर में पूजा करने के बाद राम द्वारा विशालकाय रावण का दहन किया गया। पश्चात बाजार पड़ाव में डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर दूर-दूर से बाहर से आए प्रतिभागियों द्वारा अपने कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में सार्वजनिक दुर्गा समिति भंवरपुर ने सभी क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

### फीकी रही भंवरपुर में इस बार नवरात्रि

एक समय होता था, जब भंवरपुर में नवरात्रि में धूम हुआ करता था। लोगों को पैर तक रखने की जगह नहीं हुआ करते थे। लेकिन, अब यह समय है कि पूरे नौ दिन बीत जाने के बाद भी अंतिम दिनों को छोड़कर कोई भी दिन पहले की तरह भीड़ एवं चहल पहल नजर नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि इसका एक कारण यह है कि आज से 10-15 साल पहले आसपास के गांवों में केवल भंवरपुर में ही नवरात्रि में दुर्गा स्थापित किया जाता था। लेकिन, आजकल आसपास के लगभग हर गांवों में नवरात्रि पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है। वहीं भंवरपुर में भीड़ न जुटने का दूसरा बड़ा कारण यह है कि इतना बड़ा नगर होने के बावजूद भंवरपुर में कोई बड़ा कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाना है, जिससे कहीं न कहीं आसपास गांवों के लोगों द्वारा भंवरपुर के प्रति मोह कम होते जा रहा है। अगर जल्द ही इस दिशा में आयोजन समिति के द्वारा बड़ा कदम नहीं उठाया जाता तो भंवरपुर में आगामी वर्षों में लोगों की घटती भीड़ को लेकर और भी नकारात्मक स्थिति देखने को मिल सकती है।

## नदी चरौदा में हुआ डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज >>| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नदी चरौदा में जय हिंद नवयुवक समिति द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के अध्यक्ष करण सिंह दीवान ने की। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस प्रकार के आयोजन को सराहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम अध्यक्ष पूनऊ राम ध्रुव, उपाध्यक्ष उदयराम पांडे, सचिव कृष्ण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष दया लाल चक्रधारी, ग्राम पंचायत सरपंच पांडु राम बरिहा, जयलाल पांडे, डिंगरो यादव, उपसरपंच जोगनी बाई, मनीराम पांडे, पंच सागर निषाद, पंच मनीराम ध्रुव, पंच कुमार ध्रुव, पंच राजकुमारी पाडे, पंच निर्मला पाड़े, पंच हिलधर बरिहा, पंच घनश्याम पाड़े, पंच फगनु पटेल, शाहिद युवा नेता एवं पंच नेतराम पटेल आदि मौजूद रहे।

### स्काउट-गाइड के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला महासमुंद एवं विकासखंड महासमुंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 15 अक्टूबर 2024 को नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद में दोपहर 12 बजे से किया गया है। समारोह में बतौर अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायकगण योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी, डा. संपत अग्रवाल बसना, चातुरी नंद विधायक सरायपाली, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव शामिल होंगे। जिला संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास, एस चंद्रसेन, सुधा साहू तथा विकासखंड के पदाधिकारी अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नितेश वास्तव, मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, तारा चंद्राकर, सीता टोंडेकर पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

## विशेष सहयोग करने वाले ग्रामीणों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज >>| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंड़ा की अधिष्ठात्री देवी शीतला माता मंदिर में विधि विधान से हवन पूजन एवं कन्याभोज हुआ। मां शीतला विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के मार्गदर्शन तथा समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष उदेराम साहू ने बताया कि सरपंच भामिनी के कार्यकाल में सभी वर्गों को मुख्य जजमान के रूप में माता चरणों में बैठने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चंद्राकर तथा सचिव सक्रिय प्रकाश साहू ने बताया कि जिन जिन लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है उन्हें मातारानी की फोटोफ्रेम स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में विजया दीदी, तुलसीराम सेन, महेश चंद्राकर, दुखु देवांगन, दिलीप चौहान, संतोष चंद्राकर, परस चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, प्रेमलाल चंद्राकर, आनंदराम यादव, राधेश्याम यादव, अजय चंद्राकर, दाऊलाल साहू, ज्ञानिक साहू, भारत साहू, दिनेश साहू, तुकेश साहू, धनी बैगा, ईशा धीवर, सरस्वती साहू, शुभम चंद्राकर, निधि चंद्राकर, खोरबाहरा बैगा, नरेंद्र सोनी, गीता सोनी आदि मौजूद रहे।

## तेंदूकोना में दशानन के 25 फीट ऊंचे पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज >>| तेंदूकोना





नगर सहित क्षेत्र में नवरात्र पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह मां जगदम्बे की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के भक्ति में भक्त लीन रहे। देवी मंदिरों व माता देवालयों में ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। श्रद्धालु नंगे पांव उपवास रखकर माता के भक्ति में लीन रहे तथा नौ दिनों तक माता के दरबार में माता सेवा, देवी जस गीत, भजन कीर्तन व जगराता कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे। नवरात्र पर्व के अंतिम दिन शनिवार को माता के प्रतिमा के साथ साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। तेंदूकोना में कुल पांच जगहों पर सार्वजनिक दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था। गुरुवार व शुक्रवार को हवन पूजन के बाद सभी दुर्गा पंडालों में सुबह नौकन्या भोज कराया गया। घरों में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा को शुक्रवार को विसर्जित की गई तथा शनिवार को यहां के बाजारपारा, सांई नगर, बस्तीपारा, गायत्री नगर व साल्हेभांठा सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की प्रतिमाएं देर शाम तक समीप के जलाशय लमकेनी बांध में विसर्जन किया गया। इस दौरान सभी पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा को पूरे गांव में विसर्जन जुलूस निकाला गया, जहां श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह मां दुर्गा की पूजा अर्चना किया गया। वहीं भक्तों द्वारा माता जसगीत, रंग गुलाल, गाजे बाजे व डीजे के धुन में थिरकते नजर आए।

**धूमधाम से मना दशहरा पर्वः** बुराई पर अच्छाई की जीत विजया दशमी पर्व दशहरा शनिवार को तेंदूकोना में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां के राम लीला मंडली द्वारा एक दिन की रामलीला का मंचन किया गया। 25 फीट ऊंचे दशानन के पुतले को जलाने से पहले गांव के प्रमुख मार्गों में भगवान राम की जीवंत झांकी निकालकर रामलीला का मंचन किया गया। बाद रावण का पुतला दहन किया गया। रामलीला मंचन के दौरान दर्शक राम व रावण के खूब जयकारे लगाए। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों, महिला पुरुष सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालुजन

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में विराजित मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा शुक्रवार को हुआ। मांदर की थाप और जसगीत के धुन के साथ निकली विसर्जन यात्रा में काफी भीड़ उमड़ी। इस दौरान माता को विदाई देने यात्रा में शामिल महिलाओं की आंखों में पानी भर आया और नम आंखों से माता को विदाई दी। ग्राम में वर्षों से विराजित हो रही माता दुर्गा की 9 दिनों की पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार की कोडार नदी में विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ विसर्जन किया गया। मांदर की थाप पर जसगीत गाते, पटाखे फोड़ते विसर्जन यात्रा में अनेक स्थानों में माता भक्तों ने पूजा अर्चना कर फल चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की।

## स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त आज लेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज >>| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव 15 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिले में चल रहे स्काउटिंग की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। जिसमें स्काउटिंग गाइडिंग के प्रचार-प्रसार, पंजीयन नवीनीकरण की स्थिति, वित्तीय वर्ष के आय व्यय, नवीन दलों के गठन एवं संचालन एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। समीक्षा बैठक में स्काउट के जिला एवं विकासखंड के समस्त पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला उपाध्यक्षगण एवं सभी विकासखंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षगण तथा जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्डों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिले के स्काउटिंग से जुड़े स्काउटर गाइडर शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।



### सावित्रीपुर स्कूल में उद्योगपति टाटा को दी गई श्रद्धांजलि

**सांकरा।** शासकीय उमावि सावित्रीपुर के शिक्षकों एवं छात्रों ने मशहूर उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा को स्कूल परिसर में मौलश्री लगाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य प्रसाद सिदार ने कहा कि देश की आर्थिक ढांचा को सुदृढ़ करने में रतन टाटा का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच और व्यापार व्यवसाय से देश-विदेश में करोड़ों लोगों को रोजगार दिया। उनका संपूर्ण जीवन देश और समाज को समर्पित रहा है। उन्होंने करोड़ों रुपये समाज को देकर दानशीलता की मिसाल पेश की। उनका जीवन युवाओं और लोगों के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल कुमार साहू, सविता जलक्षत्री, डीके भारती, एस सिंह, टीआर यादव, बीडी साहू, यूके भोई, पीआर कल्ला आदि मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर हुआ शस्त्र पूजन और रक्त तिलक

हरिभूमि न्यूज >>| सरायपाली



विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां दुर्गा अष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गा वाहिनी द्वारा सर्वप्रथम दुर्गा की आरती की गई। फिर सभी बहनों द्वारा अपनी उंगली के रक्त से तलवार पर तिलक किया गया। पश्चात मां से प्रार्थना किया गया कि जिस तरह माता ने महिषासुर का अंत कर समाज से अंधकार को किया था उसी प्रकार पूरे विश्व में महिषासुर रूपी अनाचारियों, अधर्मियों का अंत करें। साथ ही शपथ लिया गया कि वे हमेशा माता रानी के आदर्शों, नियमों का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से ही दुर्गा वाहिनी एवं सर्व नारी समाज की ओर से एक अप्रत्यक्ष चेतावनी दी गई कि नारी समाज अब भययुक्त जीवन नहीं जिएगा, स्थिति के निर्माण होने पर नारी को दुर्गा का रूप ग्रहण करना अब आ गया है। तत्पश्चात अंत में माता की महाआरती, माता के नारों के जयकार के साथ कार्यक्रम हुआ। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

## किसानों की दिवाली इस बरस रहेगी फीकी : अंकित

### धान खरीदी जल्दी करने की मांग, किसानों की बची चौथी किश्त दे सरकार

हरिभूमि न्यूज >>| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वे लगातार अभी क्षेत्रीय दौरे पर हर आय वर्ग व कार्य क्षेत्र के लोगों, महिलाओं, युवाओं से रूबरू हो रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या जो निकल के आ रही है वो है बिजली बिल का ज्यादा आना, पेंशन का ना मिलना व महंगाई में बेतहाशा वृद्धि के साथ ही मार्केट में व्यापारियों के पास पैसे का ना आना। आज जब दिवाली सर पर है और किसानों की फसल पक के कटने को तैयार है, तब वर्तमान सरकार का तुगलकी फरमान आया कि धान की खरीदी वो 15 नवंबर से करेगी, जिसका नुकसान ये होगा कि पहले किसानों को अपना धान खेत से ले जा कर ब्यारा में रखना पड़ेगा और फिर खरीदी केंद्र जहां लगातार बारिश, चूहा मवेशियों का खतरा रहेगा। साथ ही किसानों को रतजगा करना पड़ेगा। साथ ही परिवहन का खर्च डबल बढ़ेगा और दिवाली और खेती के कर्ज का चुकारे में देरी होगी। दूसरी तरफ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा कहते हैं कि अभी से धान खरीदने पर सरकार को सुखत का नुकसान उठाना पड़ेगा याने ये सरकार किसानों की मजदूरों की सरकार न होकर व्यापार करने वाली सरकार है, जहां दारू भट्टी में चखना सेंटर खोलना और उससे आय अर्जित करना ज्यादा जरूरी है। अंकित ने कहा कि अगर शासन अभी धान खरीदी नहीं कर सकती तो कम से कम पिछली सरकार के समय का बचा राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किश्त ही दे दे। ताकि, सामने 31 अक्टूबर को आने वाली दिवाली में किसानों को लाभ मिले और इस पैसे के बाजार में आने से रौनक आएगी। अंकित ने कहा कि पहले भूपेश बघेल ने 2500 का धान का भाव का वादा किया, पर बढ़ते हुए केंद्रीय समर्थन मूल्य के अनुसार 2640 में भी खरीदा और अब भाजपा सरकार में 117 रुपए समर्थन मूल्य बढ़ने के बाद वर्तमान भाजपा सरकार को धान 3217 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदना चाहिए और धान खरीदी की तारीख भी 1 नवंबर करनी चाहिए।

### प्रदेश में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी का ऐलान कर दिया है। वहीं इस मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मैं भी किसान की बेटी और बहू हूं, किसानों की जानकारी मुझे भी हैं। सरकार को 1 नवंबर से धान खरीदी करना चाहिए। साय सरकार किस कारण से धान खरीदी का समय 15 दिन आगे बढ़ाया, इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार किसानों का धान पूरा नहीं खरीदना चाहती। खरीदी जल्द चालू होती है तो किसानों के लिए राहत और अच्छा रहता। अगर शासन अभी धान खरीदी नही कर सकती तो कम से कम पिछली सरकार के समय का बचा राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किश्त ही दे दे। ताकि, सामने 31 अक्टूबर को आने वाली दिवाली में किसानों को लाभ मिले।

